मसूदा क्षेत्र में दो दिन से लापता मासूम भाई-बहन के शव तालाब में मिले

रक्षाबंधन पर मां के साथ ननिहाल देदपुरा गांव आए थे दोनों बच्चे

मसूदा, (निसं)। मसूदा थाना क्षेत्र की देवास ग्राम पंचायत के देदपुरा गांव में दो दिन से लापता चल रहे मासूम भाई-बहन के शव रविवार सुबह गांव के तालाब में मिलने से सनसनी फैल गई। हादसे की सूचना मिलते ही मसूदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से दोनों बच्चों के शव तालाब से बाहर निकलवाए। इसके बाद शवों को मसूदा उप जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में पहुंचाया गया, जहां पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम की कार्रवाई करवाई।

मृतक भाई-बहन के फाइल फोटो।

- हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से दोनों बच्चों के शव तालाब से बाहर निकलवाए

जानकारी के अनुसार जीवाणा निवासी शंकर सिंह की पत्नी प्यारी देवी रक्षाबंधन के अवसर पर अपने बच्चों सात वर्षीय रीना कुमारी और पांच वर्षीय नरेंद्र सिंह के साथ अपने मायके देदपुरा गांव आई थी। बताया गया कि 28 अगस्त को दोपहर करीब एक बजे दोनों बच्चे अचानक घर से लापता हो गए। काफी तलाश के बावजूद बच्चों का पता नहीं चलने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। बच्चों के लापता होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस और परिजन लगातार उनकी तलाश में जुटे रहे। क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर खोजबीन की गई। रविवार सुबह भी परिजन और ग्रामीण तालाब के आसपास बच्चों की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान तालाब के पानी में दोनों बच्चों के शव दिखाई दिए। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मसूदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद दोनों शवों को पानी से बाहर निकलवाया। दोनों बच्चों के शव मसूदा उप जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाए गए। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम की कार्रवाई करवाई। पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए गए।

रामगढ़ चौकी प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि बच्चों के लापता होने के बाद पुलिस की ओर से लगातार दो दिनों तक क्षेत्र में तलाश अभियान चलाया गया था। 30 अगस्त को दोनों बच्चों के शव गांव के तालाब में मिले। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। मासूम भाई-बहन की मौत की खबर के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना से देदपुरा गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

भूखंड बेचान के नाम पर 43 लाख की धोखाधड़ी, फरार आरोपी को पकड़ा

कोटा, (निसं)। बोरखेड़ा थाना इलाके में भूखंड बेचने के नाम पर 43 लाख की धोखाधड़ी के दर्ज मामले में बोरखेड़ा पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि 15 मार्च को फरियादी जितेंद्र सिंह राजावत ने थाने में रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि बोरखेड़ा इलाके में अमित शर्मा ने स्वयं के कब्जे शुदा व स्वामित्व की जमीन बताकर भुखंड बेचान व कॉलोनी के नाम पर उसको भूखंड दिखाया गया व एकमुश्त 43 लाख रुपये प्राप्त कर लिये। रिपोर्ट में कहा कि जब वह भुखंड पर काम करने गया तो खातेदार द्वारा काम नही करने दिया गया व अमित शर्मा के द्वारा बताया गया कि खातेदार व हमारे बीच कोई विवाद हो गया हैं। रिपोर्ट में फरियादी ने कहा कि अमित शर्मा ने ना तो प्लॉट दिया व ना ही पैसे लौटाये व धोखाधड़ी कर रकम हड़प ली है। शहर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया, मामले में कार्रवाई के लिए पुलिस उप अधीक्षक हिमाशुं सिह पवार के सुपरविजन में बोरखेड़ा थाना अधिकारी अजीत बागडोलिया के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आरोपी के छिपने के स्थानो पर दबिश दी गई, टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए पंचशील कॉलोनी सुभाष नगर निवासी आरोपी अमित कुमार शर्मा को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने पकड़े गए आरोपी से अनुसंधान के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

वहीं ग्रामीण इलाके की बपावर कलां पुलिस टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने पकड़े गये आरोपियों के कब्जे से अलग-अलग कंपनी की 190 सिम कार्ड, तीन मोबाईल, व दो अलग-अलग बैंक की चैक बुक एवं एटीएम कार्ड को जब्त किया है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि बपावरकलां थाने के उप निरीक्षक थानाधिकारी सुरेश मीणा को मय जाप्ता इलाके में गश्त के दौरान से सूचना मिली कि तीन व्यक्ति एक कार में झांसी की रानी पार्क बपावर कलां के पास संदिग्ध अवस्था में बैठे हुए है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पुलिस टीम को देखकर कार में बैठे व्यक्ति कार को लेकर जाने लगे तो पुलिस टीम ने कार को रूकवाकर कार में बैठे व्यक्तियो से पूछताछ की, पूछताछ के दौरान कोई संतोषप्रद जबाव नही मिलने पर पुलिस टीम ने कार में बैठे व्यक्तियों पर संदेह होने पर तीनों को डिटेन कर कार व व्यक्तियों की तलाशी ली गई तो उन व्यक्तियों के कब्जें से अलग-अलग कंपनी की कुल 190 सिमकार्ड, तीन मोबाईल व दो अलग अलग बैंक की चेक बुक व एक एटीएम कार्ड को जब्त किया गया है। पुलिस टीम ने मौके पर जिला गुना मध्यप्रदेश के मेरूखेड़ी निवासी दिलीप अहीरवाल, जिला गुना मध्यप्रदेश के राधवगढ़ निवासी अजय अहीरवाल एवं जिला गुना मध्यप्रदेश के गावरी निवासी कृष्णपाल को गिरफ्तार किया।

ग्रामीण एसपी ने बताया कि पकड़े गये तीनों आरोपियों से पूछताछ की गई तो पूछताछ में सामने आया कि आरोपी बड़े कस्बों में कैनोपी लगाकर सिमकार्ड बेचने का काम करते हैं।

80 वर्षीय वृद्धा के घर लाखों की चोरी का खुलासा, पड़ोसी युवक गिरफ्तार

आरोपी वृद्धा का पड़ोसी है और अन्य सहयोगी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था

मुकुंदगढ़, (निसं)। 80 वर्षीय वृद्ध महिला के घर से लाखों रूपये के सोने-चांदी के आभूषण एवं नकदी चोरी करने के मामले में मुकुंदगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान यश (26) पुत्र चेतन, निवासी वार्ड नंबर 2, मुकुंदगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी वृद्ध महिला का पड़ोसी है और उसने एक अन्य सहयोगी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। मामले में दूसरे आरोपी तथा चोरी किए गए सामान की बरामदगी को लेकर पुलिस का अनुसंधान जारी है।

पुलिस के मुताबिक, 27 अगस्त को परिवादी ने मुकुंदगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 80 वर्षीय ताईजी अकेली रहती है। उनके घर से लाखों रूपये के सोने-चांदी के आभूषण एवं नकदी चोरी हो गई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल विशेष टीम का गठन कर आरोपी की तलाश शुरू की। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से संदिग्धों के संबंध में जानकारी जुटाई। जांच के दौरान पुलिस ने 30 अगस्त को संदिग्ध यश को दस्तयाब किया। अनुसंधान के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी यश वृद्ध महिला के पड़ोस में ही रहता है। वारदात के समय 80 वर्षीय वृद्धा आरोपी की दादी से मिलने के लिए उनके घर गई हुई थी। वृद्धा के घर पर अकेले होने का फायदा उठाकर आरोपी ने अपने एक अन्य सहयोगी के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस अब वारदात में शामिल अन्य सहयोगी आरोपी की तलाश के साथ ही चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण एवं अन्य सामान की बरामदगी के प्रयास कर रही है।

साइबर ठगी का आरोपी गिरफ्त में

गंगापुर सिटी, (निसं)। साइबर ठगी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सदर थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर म्यूल अकाउंट का उपयोग कर साइबर धोखाधड़ी की राशि प्राप्त करने का आरोप है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मच्छीपुरा निवासी उदयसिंह (25) पुत्र मोहरसिंह गुर्जर को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में बूचौलाई निवासी मनीष पुत्र काडू को भी नामजद किया गया है। इन दोनों पर संगठित होकर साइबर फ्रॉड करने और ठगी गई राशि को प्राप्त करने के लिए बैंक खातों का उपयोग करने का आरोप है। यह कार्रवाई एएसपी गंगापुर सिटी नारायण लाल तिवारी और सीआई गिर्राज प्रसाद के सुपरविजन में की गई। सदर थाने में उदयसिंह और मनीष के खिलाफ विभिन्न धाराओं के साथ-साथ आईटी एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज किया।

नगर निकाय चुनाव को लेकर धौलपुर पुलिस का फ्लैग मार्च

धौलपुर, (निसं)। आगामी नगर निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी श्रवण कुमार झोरड़ के सुपरविजन में आज धौलपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। धौलपुर, बाड़ी में संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों व जवानों ने पैदल एवं वाहनों के माध्यम से फ्लैग मार्च कर आमजन को सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण का भरोसा दिलाया।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने प्रमुख बाजारों, मुख्य मार्गों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, मतदान केन्द्रों के आसपास तथा संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण किया। इस दौरान आमजन से आगामी चुनाव के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई।

पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में जिले में चुनाव के दौरान मतदाताओं को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था की जा रही है। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करना तथा चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों को स्पष्ट संदेश देना है कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फ्लैग मार्च के साथ-साथ पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की निगरानी, पूर्व में आपराधिक गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों की गतिविधियों पर नजर तथा संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाई गई है। चुनाव के दौरान अवैध शराब, हथियार, मादक पदार्थों की तस्करी, धनबल अथवा अन्य किसी माध्यम से मतदाताओं को प्रभावित करने के प्रयासों पर भी पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा माहौल बिगाड़ने वाली सामग्री प्रसारित करने वालों पर भी नजर रखी जा रही है। कानून-व्यवस्था प्रभावित करने अथवा अफवाह फैलाने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

एरिया डोमिनेशन अभियान में कई आरोपी गिरफ्तार

रतनगढ़, (निसं)। रतनगढ़ पुलिस ने क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया।

अभियान के दौरान पुलिस ने अलग-अलग मामलों में वांछित आरोपियों सहित एक दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई में कई लोगों को शांतिभंग के आरोप में हिरासत में लिया गया। वहीं गश्त के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को सट्टा पर्ची लिखते हुए रंगे हाथों पकड़कर कार्रवाई की।

पुलिस की लगातार कार्रवाई से असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से आपसी भाईचारा एवं शांति बनाए रखने तथा कानून व्यवस्था कायम रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की है।

धारदार हथियार से युवक पर हमला

रास्ते में घेरकर किए वार, बाइक से लौट रहा था घर

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के पांड्यावाड़ा गांव में शनिवार रात एक युवक पर धारदार हथियारों से हमला किया गया। बाइक से घर लौट रहे युवक को रास्ते में घेरकर हमलावरों ने वार किए, जिससे वह घायल हो गया। परिजनों ने उसे डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

घटना शनिवार रात की है। पांड्यावाड़ा निवासी रमेश परमार पुत्र शंकर परमार अपने चचेरे भाइयों मोहन और गोवर्धन के साथ बाइक पर घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में 12 से ज्यादा लोगों ने उनकी बाइक रोक ली। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, हमलावरों ने धारदार हथियारों से रमेश पर हमला कर दिया। हमले के दौरान हुए शोर को सुनकर आसपास के ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को आता देख हमलावर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर देखा तो रमेश के सिर और कंधे पर चोटें आई थीं। परिजनों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस को बुलाया और घायल रमेश को डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। पीड़ितों ने कल्याणपुर थाने में हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और हमलावरों की तलाश में जगह-जगह दबिश दी जा रही है।

युवक को लाठी-डंडों से पीटा

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के चौरासी थाना क्षेत्र में एक युवक को लाठी-डंडों से पीटकर लूट लिया गया। बदमाश युवक से 15 हजार रुपए नकद और उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। घायल युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, अन्नपुरा निवासी रामलाल अहरी अपनी मासी के घर से पैदल अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सुनसान रास्ते में 4 से 5 अज्ञात बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और हमला कर दिया। बदमाशों ने रामलाल को लाठी-डंडों और लात-घूसों से पीटा। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल रामलाल को गेजी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रामलाल के सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं और उनका इलाज जारी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

रामदेवरा जा रहे श्रद्धालु की बाइक को डंपर ने टक्कर मारी, पति-पत्नी घायल

जोधपुर, (कासं)। बाबा रामदेवजी मेले में दर्शन के लिए रामदेवरा जा रहे जातरू की बाइक को तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पति और उसकी गर्भवती पत्नी गंभीर घायल हो गए, जबकि उसकी डेढ़ साल की बेटी को मामूली चोट आई है। हादसे में युवक के दोनों पैर कुचल गए हैं। घायलों को जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- हादसे में डेढ़ साल की बेटी को मामूली चोट आई, युवक के दोनों पैर कुचल गए
- घायलों को जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है

हादसा रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे कायलाना सर्किल के पास हुआ। उदयपुर निवासी सोहनलाल (30) पुत्र नाताराम अपनी पत्नी केली बाई (28) और डेढ़ साल की बेटी के साथ शनिवार शाम बाइक से बाबा रामदेव मंदिर, रामदेवरा में दर्शन के लिए रवाना हुआ था। रात में सुमेरपुर में रुकने के बाद रविवार सुबह वे जोधपुर पहुंचे। कायलाना सर्किल से रामदेवरा की ओर जाते समय पीछे से तेज गति से आए डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक डंपर के नीचे तक जा घुसी। हादसे में सोहनलाल को गंभीर चोट आई है, जबकि पीछे बैठी उसकी गर्भवती पत्नी भी घायल है। उनकी डेढ़ साल की बच्ची को मामूली चोट आई है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस के जरिए घायलों को अस्पताल भिजवाया वहीं सूचना मिलने के बाद सूरसागर थाना पुलिस और प्रताप नगर सदर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने नगर निगम से अनुबंधित डंपरों को लेकर विरोध जताया। उनका कहना था कि यहां से रोजाना तेज स्पीड में डंपर दौड़ते हैं, इसकी वजह से हादसे होते हैं। लोगों ने डंपरों की रफ्तार पर लगाम लगाने और यातायात व्यवस्था को लेकर कार्रवाई की मांग की।

रिश्ते के भाई ने भाई पर कुल्हाड़ी से हमला किया

खाना बनाने में मदद के लिए बुलाया था, मामला दर्ज

रतनगढ़, (निसं)। तहसील के गांव सांगासर में खाना बनाने में मदद के लिए बुलाए गए 27 वर्षीय युवक पर रिश्ते के भाई ने कथित रूप से कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। घटना को लेकर श्यामलाल पुत्र बैगाराम जाट ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया है।

रिपोर्ट के अनुसार 28 अगस्त की रात श्यामलाल कुएं से घर की ओर जा रहा था। इसी दौरान रिश्ते के भाई जयकृष्ण पुत्र मोटाराम ने उसे खाना बनाने में मदद के लिए बुलाया। श्यामलाल के अनुसार जयकृष्ण शराब के नशे में था। इसी दौरान उसके पास फोन आया और वह गुस्से में बात करने लगा। श्यामलाल आंगन में चारपाई पर बैठकर फोन चला रहा था, तभी पीछे से जयकृष्ण ने उस पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। भागने का प्रयास करने पर भी उस पर हमला किया गया, जिससे वह गिरकर घायल हो गया। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। आरोप है कि जयकृष्ण मौके से फरार होते समय श्यामलाल का मोबाइल भी ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

धौलपुर में विवाहिता का शव खेत में पेड़ के नीचे मिला

धौलपुर, (निसं)। जिले में रक्षाबंधन पर्व से एक दिन पहले बहन का शव मिलने के बाद उसके तीनों भाइयों की कलाई सूनी रह गई। बहन की मौत ने पूरे परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। मामला जिले के आंगई थाना इलाके के चिलाचोंद गांव का है, जहां 28 वर्षीय विवाहिता का शव खेत में नीम के पेड़ के नीचे मिला है। महिला के गले में फंदा लगा था। उसके शरीर और खेत में खून के निशान मिले हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस और सरमथुरा सीओ दुलीचंद मौके पर पहुंचे और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव का मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम कराया है। मृतका के पिता ने बेटी की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप ससुराल पक्ष और उसके पति पर लगाया है। साथ ही, पति के अन्य महिला से संबंध और दहेज की मांग को लेकर मामला दर्ज कराया है। मामले की जांच सरमथुरा सीओ दुलीचंद द्वारा की जा रही है।

- महिला के गले में फंदा लगा था, शरीर और खेत में खून के निशान मिले

धौलपुर के खेमरी निवासी मृतका के पिता मंगल सिंह ने पुलिस थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया है कि उन्होंने अपनी 28 वर्षीय पुत्री जानकी बाई की शादी तीन साल पहले चिलाचोंद गांव निवासी सुनील मीणा पुत्र नेकराम मीणा से की थी। सुनील सीएचसी धन्नू का पुरा में मेल नर्स के पद पर तैनात है। शादी में दहेज के रूप में साढ़े बारह लाख रुपये नकद दिए थे और साढ़े तीन लाख रुपये का सामान दिया था। शादी के एक साल बाद जानकी बाई ने अपने पिता को बताया कि उसका पति उसके साथ गलत व्यवहार करता है। परिजनों ने बेटी को समझाकर ससुराल वापस भेज दिया, लेकिन उसकी शिकायतें जारी रहीं। उन्होंने कई बार ससुराल वालों और उसके पति सुनील से समझाइश भी की थी। इसके बाद पुत्री ने उन्हें बताया कि सुनील उससे नफ़रत करता है, रात को देरी से आता है और घर से चले जाने के लिए कहता है। इसके बाद भी वे दो-तीन लोगों को लेकर बेटी के ससुराल पहुंचे और सुनील को काफी समझाया। सुनील 20 लाख रुपये की डिमांड करता था और उसके किसी अन्य महिला नर्स से संबंध थे।

मंगल सिंह ने बताया कि बुधवार की शाम करीब 8 बजे उनकी बेटी का फोन आया था। बेटी जानकी बाई ने कहा, "पापा, वे नहीं बदले। आपने कहा था बदल जाएंगे, लेकिन फिर भी सुनील इसी तरह बात कर रहा है।" इसके बाद उन्हें बेटी के रोने की आवाज आई और फोन कट गया, फिर बेटी से कोई बात नहीं हो पाई। उन्होंने गांव के एक परिचित को ससुराल जाकर समझाने के लिए भी कहा था। गुरुवार की सुबह उन्हें सूचना मिली कि उनकी बेटी की मौत हो गई है और उन्हें जल्द आने के लिए कहा गया। जब वे मौके पर पहुंचे, तो बेटी का शव खेत में खून से लथपथ पड़ा था। मृतका अपने पीछे दो साल की एक बेटी छोड़ गई है। मृतका के पिता मंगल सिंह ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी के पति सुनील मीणा के किसी महिला नर्स से संबंध थे, जो अलग सरकारी अस्पताल में नौकरी करती है। इस वजह से सुनील उनकी पुत्री के साथ गलत व्यवहार करता था। इस मामले में भी सुनील को कई बार समझाया गया, लेकिन वह नहीं माना और पुत्री की पीट-पीटकर हत्या कर दी।

मामले को लेकर एसआई चंद्रभान सिंह ने बताया कि चिलाचोंद गांव में एक महिला द्वारा आत्महत्या की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद मौके पर सीओ दुलीचंद और आंगई थाना एसएचओ पुलिस जाब्ते के साथ पहुंचे और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। शव को कब्जे में लेकर बाड़ी के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। प्रथमदृष्टया ऐसा लग रहा है कि मृतका के गले में फांसी का फंदा लगा था और रस्सी टूटने से सिर में चोट लगने के कारण मौत हुई है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

सीकर जिले से दो युवतियां लापता, मामले दर्ज

सीकर, (निसं)। सीकर में 26 साल की युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने बताया कि युवती रात को घर पर ही थी, लेकिन सुबह उठने पर वह गायब मिली। वहीं स्कूल से बच्चों के लाने गई 35 साल की महिला भी बच्चों सहित लापता है। दोनों मामलों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार 26 साल की युवती के पिता ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि 26 अगस्त की रात परिवार के सभी सदस्य घर पर ही सो रहे थे, लेकिन अगले दिन सुबह उठकर देखा तो उनकी बेटी घर पर नहीं मिली। इसके बाद उसकी आस-पड़ोस और रिश्तेदारी में भी काफी तलाश की गई। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। अंदेशा है कि कोई उसका किडनैप करके ले गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

वहीं 35 साल की महिला के पति ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि 25 अगस्त की दोपहर करीब 12 बजे उनकी पत्नी 12 साल की बेटी और 11 साल के बेटे को स्कूल से वापस घर लाने के लिए निकली थी, लेकिन स्कूल से बच्चों को लेने के बाद वह घर पर नहीं आई। दो से तीन दिन परिवार ने काफी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। महिला के पास एक मोबाइल भी था जो भी अब लगातार स्विच ऑफ आ रहा है। फिलहाल पुलिस अब मोबाइल लोकेशन सहित अन्य तथ्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

श्मशान घाट में चिता से छेड़छाड़ का आरोप

गंगापुर सिटी, (निसं)। चूलीगेट स्थित श्मशान घाट में शुक्रवार रात चिता से छेड़छाड़ करने के आरोप में कोतवाली थाना पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। श्मशान घाट में संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों युवकों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। पुलिस ने तीनों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। कोतवाली थाना प्रभारी करण सिंह राठौड़ ने बताया कि शुक्रवार रात परिजनों की ओर से सूचना मिली थी कि श्मशान घाट में तीन युवक चिता से छेड़छाड़ कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। वहां तीन युवक मिले, जिन्हें पुलिस हिरासत में लेकर थाने लाई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान ललित पुत्र राजू निवासी उनियारा, टोंक, राहुल पुत्र तेज सिंह निवासी कीरपाड़ा, नसिया कॉलोनी गंगापुर सिटी और बनवारी पुत्र तेज सिंह निवासी कीरपाड़ा, नसिया कॉलोनी गंगापुर सिटी के रूप में हुई है। पुलिस थाना प्रभारी करण सिंह राठौड़ के अनुसार तीन युवकों द्वारा चिता से छेड़छाड़ किए जाने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।

बूंदी में ऐतिहासिक 15 दिवसीय कजली तीज का मेला आज से

बूंदी, (निसं)। नगर परिषद द्वारा आयोजित प्रदेश भर में प्रसिद्ध ऐतिहासिक व ख्याति प्राप्त कजली तीज मेले का आगाज 31 अगस्त को शोभायात्रा के साथ होगा। शोभायात्रा बालचंदपाड़ा से शुरू होगी जो निर्धारित मार्ग से होती हुई कुंभा स्टेडियम मेला स्थल पहुंचेगी। इसी के तहत 15 दिवस के रंगारंग कार्यक्रम शुरु हो जाएगे। मेले के सभी कार्यक्रमों को अंतिम रूप दे दिया गया है। 31अगस्तव 1 सितंबर को तीज माता की सवारी निकलेगी, जिसमें श्रृंगार किए हुए गजराज, बैंडबाजे व बाबा बलवंत सिंह जी की सवारी एवं आकर्षक झांकियों के साथ सजी धजी तीज माता की प्रतिमा होगी। नगर परिषद ने सभी नागरिक और व्यापारिक बंधुओं से मेले में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने और अपने प्रतिष्ठानों की अच्छी सजावट करने की अपील की है।

- शाही ठाठ-बाट के साथ निकलेगी शौर्य श्रृंगार की प्रतीक कजली तीज माता की सवारी

नगर परिषद आयुक्त ब्रजेश राय ने बताया कि मेले का मुख्य आकर्षण तीजमाता की शाही सवारी होगी। 31 अगस्त को शाम 5 बजे रामप्रकाश टॉकीज से तीजमाता की सवारी शुरू होगी, जो सदर बाजार, चौमुखा बाजार, चौगान बाजार, सब्जी मंडी रोड, सूर्यमल्ल मिश्रण चौराहा और पुरानी नगर परिषद के आगे से होते हुए कुम्भा स्टेडियम पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि एक सितंबर को भी शाम 5 बजे से रामप्रकाश टॉकीज से तीजमाता की सवारी शुरू होगी जो चौमुखा बाजार, चौगान दरवाजा, इंद्रामार्केट, एक खंभे की छतरी से होती हुई खोजा गेट रोड से कुम्भा स्टेडियम मेला स्थल पहुंचेगी। जिसके साथ मेला मंच पर अलगोजा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। सवारी के दौरान अलगोजा कार्यक्रम पेश करने वाली ग्रामीण पार्टियों में से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पारितोषिक वितरण किया जाएगा। मौसम को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्था की गई है।

नगर परिषद आयुक्त ने बताया किकजली तीज मेले में आमजन के मनोरंजन के लिए प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से सांस्कृतिक, धार्मिक, कवि सम्मेलन एवं विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत 2 सितंबर को भजन संध्या, 3 को पर्यटन विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, 4 को जन्माष्टमी महोत्सव, 5 को राजस्थानी कवि सम्मेलन, 6 को स्कूली बच्चों का कार्यक्रम, 7 को रंगारंग कार्यक्रम, 8 को राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रम, 9 को देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10 को सांस्कृतिक कार्यक्रम, 11 को बॉलीवुड नाइट कार्यक्रम, 12 को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, 13 को स्टार नाइट कार्यक्रम तथा 14 को पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

आयुक्त ने बताया कि नगर परिषद ने मेला स्थल पर स्वच्छता को लेकर निर्देश जारी किए हैं। मेला मैदान में पॉलिथीन के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा।